# RAF SECTOR
# NEWS CLIP
12/11/18

RAPID ACTION FORCE

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

Dainik Bhaskar (Patna,Bihar)

# छठव्रती रेल ट्रैक पार करेंगे, वहां ट्रेन लंबी सीटी देगी

## पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

दानापुर| महापर्व छठ के दौरान नागरिकों के मन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने रविवार को दानापुर में फ्लैग मार्च किया। डीएसपी अशोक मिश्रा ने लोगों से त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि शांति फैलाने का प्रयास करने वालों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



छठ पर्व पर लोगों के मन में सुरक्षा की भावना को लेकर फ्लैग मार्च करती पुलिस।

**Hindustan (Patna,Bihar)**



दानापुर में रविवार को छठ पर्व को लेकर फ्लैग मार्च करते अर्द्धसैनिक बल।

# छठ घाट वाले सभी रास्तों पर रहेगी पुलिस चौकसी

पटना | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

छठ पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। छठ घाटों और आने जाने के मुख्य रास्तों पर बलों की प्रतिनियुक्ति को भी कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय ने जरूरत के मुताबिक विभिन्न जिलों को अतिरिक्त पुलिस बल भी मुहैया कराया है। सबसे ज्यादा पटना में जवानों की तैनाती रहेगी। एडीजी मुख्यालय एसके सिंघल ने बताया कि पटना जिला को एक हजार होमगार्ड और दो सौ लाठी पार्टी दी गई है ताकि स्थिति संभाली जा सके।

## सीआरपी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

दानापुर। छठ पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को दानापुर के विभिन्न घाटों का श्वान व बम निरोधक दस्ता ने जायजा लिया। उसके बाद रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार और दानापुर थानाध्यक्ष संदीप सिंह के अगुवाई में दानापुर थाने के अधिकारी व रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने थाना से फ्लैग मार्च शुरू किया। मुख्य मार्ग से बस पड़ाव गए, वहां से सदर बाजार होते हुए तकियापर और नासरीगंज गए।

## Nav Bharat (Durg,CG.)

# चुनाव की तैयारी पर फ्लैग मार्च



भिलाईनगर. आरएएफ और जिला पुलिस बल द्वारा रविवार को सुपेला मार्केट रामनगर, वैशाली नगर, गोल मार्केट, चूड़ी लाइन एवं पांच रास्ता क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने बताया कि फ्लैग मार्च को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखा. जगह-जगह लोगों ने पुलिस बल को देखकर तालियों से स्वागत किया तथा भारत माता की जय के नारे भी लगाए.

## Crime Reporter (Bhilai,CG.)

# फ्लैग मार्च किया और तीन सवारी वाहनों का चालान भी काटा

## शांति व्यवस्था के लिए आरएएफ के जवानों ने छावनी में कैंप-1 व 2 के आधा दर्जन स्थानों पर किया फ्लैग मार्च

क्राइम रिपोर्टर | भिलाई

विधानसभा चुनावों के मतदान की तारीख नजदीक आते ही पुलिस और प्रशासन का अमला पहले से ज्यादा मुस्तैद दिख रहा है। इसके चलते आदतन व निगरानी बदमाशों की धरपकड़ भी की जा रही है। शुक्रवार शाम एडिशनल एसपी सिटी विजय पांडेय ने आरएएफ के जवानों के छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-1 व 2 के आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला।

इस दौरान टीम ने थाने के कई निगरानी बदमाशों के घरों पर बल ने दस्तक दी। जवानों का अमला क्षेत्र के सबसे बाजार जवाहर मार्केट में भी पहुंचा। इसके माध्यम से जवानों ने क्षेत्र में पुलिस की आमद की जानकारी दी।



छावनी थाना के कैंप-1 और 2 में आरएएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

### घरो में लटकी चुनावी सामग्रियों देख मांगी परमिशन

एडिशनल एसपी ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे से आरएएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आरएएफ की 20 महिला और 100 पुरुष जवानों के साथ ही सिटी पुलिस के 30 जवान भी थे। एरिया डोमेशन के लिए निकली टीम ने वृंदानगर, स्वीपर मोहल्ला, बापू नगर जोन-1 और जोन-2 के अलावा जवाहर मार्केट में भी फ्लैग मार्च किया। करीब चार घंटे फील्ड में रहने के दौरान टीम ने तीन सवारी वाहनों को रोककर चालानी कार्रवाई की।

इस दौरान निगरानी बदमाशों के घर में दस्तक देकर उन्हें चेतावनी भी दी। बीच रास्ते में पड़ने वाले घरों और दुकानों में लगी राजनीतिक पार्टियों की चुनावी सामग्रियों के संबंध में परमिशन की जानकारी ली गई। एडिशनल एसपी ने बताया कि इस दौरान छावनी सीएसपी अजीत यादव के साथ थाना प्रभारी भावेश साव भी टीम के साथ मौजूद रहकर लोगों को आचार संहिता का पालन करने को लेकर समझाइश देते रहे। लोगों को चुनाव के नियमों के बारे में भी बताया गया।


Patrika (Raipur,CG.)

# आरएएफ के जवानों ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने संभाला मोर्चा



**मांढर.** विधानसभा चुनाव को लेकर रेपेड एक्शन फोर्स की डी /194 कंपनी महीनेभर से रायपुर में तैनात है. इसका नेतृत्व सहायक कमांडेंट संदीप कर रहे हैं. आरएएफ राइट कंट्रोल के लिए एक विशेष बल है जो कि केरिपु बल का एक भाग है. रायपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में आरएएफ के द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मार्च किया गया, जिसका उद्देश्य जनता के प्रति पुलिस का विश्वास तथा किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई से बचा जाय ताकि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके. वर्तमान में विधानसभा चुनाव को लेकर डी/194 आरएएफ के जवान स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद के लिए नाका ड्यूटी का निर्वाहन कर रहे हैं. इसी क्रम में रविवार को विधानसभा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत शांति सरोवर के समीप नाका प्वाइंट पर टीआई लक्ष्मन कुमेटई और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सीमा दीवान के द्वारा वाहनों की जांच की गई. इसमें आरएएफ डी/194 के सहायक कमांडेंट संदीप इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश अपने जवानो के साथ मुस्तेदी के साथ तैनात हैं.

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**